Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 14-12-2005

Participants : Singh Shri Prabhunath

>

Title : Regarding need to release adequate funds for expeditious completion of Chhapra – Kaptanganj via Thave- Siwan rail line.

श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज, बिहार) : अध्यक्ष महोदय, बिहार प्रांत के लिए स्वीकृत रेल परियोजनाओं में छपरा से कप्तानगंज वाया थावे, सिवान रेल लाइन प्रमुख है। इस वर्ो पुरानी मांग को स्वीकृति प्रदान कर छोटी लाइन से बड़ी लाइन में परिवर्तित करने हेतु कार्य प्रारंभ कराया जा चुका है। परन्तु, कार्य इतनी धीमी गति से चल रहा है कि यदि यही रफ्तार रही तो कार्य कितने सालों में पूरा होगा, कहना मुश्किल है।

इस रेल लाइन के बन जाने से इस रेल लाइन के आसपास के हजारों गांव के लाखों लोगों को लाभ पहूंचेगा। वहीं रेलवे को इस रेल लाइन से काफी राजस्व की वृद्धि होगी।

मैं सरकार से मांग करता हूं कि छपरा से कप्तानगंज वाया थावे सिवान रेल लाइन जो स्वीकृत हो चुका है, का कार्य शीघ्र पूरा कराने हेतु निधि आबंटित की जाये और कार्य को यथाशीघ्र पूरा कराया जाये।